हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 17 जुलाई 2024

06 मांगः आंगनबाड़ी में सहायिकाओं के माध्यम से...



07 किसान बोले, प्लांट लगने से हमारे क्षेत्र में प्रदूषण...





## खबर संक्षेप में

### दो फरार स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार

**नलखेड़ा।** स्थानीय पुलिस ने वर्ष 2018 के मारपीट और चोरी के प्रकरणों के दो पृथक फरार स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पुलिस अधीक्षक आगर मालवा विनोद कुमार सिहं द्वारा फरार अपराधियों, इनामी बदमाश, स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निशा रेड्डी व एसडीओपी देवनारायण यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शशि उपाध्याय के नेतृत्व में नलखेड़ा पुलिस टीम द्वारा वर्ष 2018 के चोरी के प्रकरण में कमल पिता गब्बुलाल, उम्र 34 वर्ष, जाति नाई निवासी ग्राम पिलवास एवं वर्ष 2018 से मारपीट के प्रकरण में फरार आरोपी बंशीलाल पिता देवीसिंह गुर्जर निवासी ग्राम बोरखेड़ी गोकुल थाना नलखेड़ा को ग्राम बोरखेड़ी के स्थाई वारंट तामिल कराए गए। आरोपी कमल पिता गब्बुलाल थाना नलखेड़ा के अपराध क्रमांक 12/2018, धारा 379 भारतीय दंड विधान में एवं आरोपी बंशीलाल पिता देवीसिंह गुर्जर थाना नलखेड़ा के अपराध क्रमांक 27/2018 धारा 452,323,294, 506, 34 भारतीय दंड विधान के प्रकरण में फरार चल रहे थे। न्यायालय द्वारा आरोपीयों के विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था। अभियुक्त स्थाई वारंटी कमल पिता गब्बुलाल, उम्र 34 वर्ष, जाति नाई निवासी ग्राम पिलवास को न्यायालय पेशकर जेल दाखिल किया गया।

### उप निरीक्षक आजाद का निधन



**नलखेड़ा।** पुलिस थाना नलखेड़ा पर कई वर्षों तक सेवा देने वाले तथा वर्तमान में कानड़ थाने पर उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ रामलाल आजाद का मंगलवार को निधन होने के समाचार से उनके परिचित, इष्ट मित्र तथा पुलिस स्टाफ में शोक की लहर व्याप्त हो गई। सभी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उप निरीक्षक आजाद गत 9 जुलाई को एक एक्सीडेंट से गंभीर घायल होकर उनका बाम्बे हॉस्पिटल इंदौर में इलाज चल रहा था। जहां 16 जुलाई को उनका दुखद निधन हो गया। आजाद समीपस्थ राजगढ़ जिले के ग्राम पीपलिया कुलमी के निवासी थे तथा वर्तमान में जीरापुर में निवासरत थे। इंदौर से उनके पार्थिव शरीर को सुसनेर लाया गया जहां पुलिस अधिकारियों तथा पुलिसकर्मियों द्वारा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी गई। यहां से उनकी पार्थिव देह जीरापुर ले जायी गयी जहां उनके पुत्रों व परिवार जनों द्वारा उन्हें सजल नेत्रों से अंतिम विदाई देकर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### कलेक्टर ने 95 आवेदनों पर की जनसुनवाई, निराकरण के संबंधितों को निर्देश

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने भारत ने दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा मंगलवार को जिला मुख्यालय पर साप्ताहिक जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में 95 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें निराकरण योग्य आवेदनों का कलेक्टर द्वारा मौके पर अधिकारियों से निराकरण करवाया गया तथा शेष आवेदन संबंधित विभागों को निराकरण के लिए सौंपे गए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत हरसिमरन प्रीत कौर, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा सहित जिलाधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में भारत सिंह निवासी देहरिया सोयत ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलवाने के लिए आवेदन देकर बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु कई बार पटवारी को आवेदन दिया गया, फिर भी योजना के लाभ से वंचित हूं। आवेदिका शायरा बाई निवासी टुंगनी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलवाने हेतु आवेदन देकर बताया कि पति अमरलाल को पीएम सम्मान निधि प्राप्त हो रही थी, किंतु पति का निधन हो जाने से अब योजना का लाभ नहीं



मिल रहा है, पंजीयन करवाकर लाभ दिलवाया जाए, कलेक्टर ने उक्त दोनों आवेदकां के आवेदन संबंधित तहसीलदार को सौंपकर निराकरण करने की निर्देश दिए।

जनसुनवाई में गोकुल निवासी खेजड़ा खेड़ी सुसनेर ने दिव्यांग होने पर मोटराइज्ड ट्राइसिकल प्रदान करवाने के लिए आवेदन दिया। उसने बताया कि दोनों पैरों से पूर्ण रूप से विकलांग होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, अत्यंत गरीब स्थिति होने से मोटराइज्ड ट्राईसिकल खरीदने में असमर्थ हूं, शासन की योजना के तहत मोटराइज्ड ट्राईसिकल प्रदान करवाई जाए। कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी को आवेदन निराकरण करने के निर्देश दिए।

आवेदक प्रभुलाल निवासी बराई ने आवेदन देकर बताया कि पड़ोसी द्वारा बारिश के पानी की निकासी रोक देने से उसके घर में पानी भर गया है, जिससे खाद्यान्न व अन्य सामग्री खराब हो गई है, बारिश के पानी की निकासी करवाई जाए। जिससे की घर में पानी भरने की समस्या से छुटकारा मिल सके। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आवेदन निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी तरह जनसुनवाई में आवेदक पूरालाल द्वारा कानों से कम सुनाई देने पर श्रवण यंत्र प्रदान करवाने, कस्तूरीबाई निवासी बांसखेड़ी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने, राम सिंह निवासी तनोडिया ने गांव के अन्य लोगों द्वारा उसकी कृषि भूमि पर की तारफेंसिंग को हटाने सहित अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन, आवेदकों के द्वारा जनसुनवाई में प्रस्तुत किए गए।

## शासन के नए आदेश : झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मप्र शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त तरुण कुमार पिथोड़े द्वारा प्रदेश के समस्त कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को 15 जुलाई को जारी किए गए आदेश में अपात्र व्यक्तियों अथवा झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा अनैतिक चिकित्सीय व्यवसाय को नियंत्रित करने के लिए ऐसे अमानक क्लिनिक व चिकित्सीय स्थापनाओं को तत्काल प्रतिबंधित करने, जनसमुदाय में ऐसे अपात्र व्यक्तियों से उपचार प्राप्त करने पर संभावित दुष्परिणामों के संबंध में जनजागरूकता लाने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में उल्लेखित किया गया है कि ऐसे अपात्र व्यक्तियों द्वारा फर्जी चिकित्सकीय डिग्री, सर्टिफिकेट का प्रयोग कर झोलाछाप चिकित्सकों के रूप में अमानक चिकित्सा पद्धतियों के उपयोग से रोगियों का उपचार किया जा रहा है। ऐसे अधिकांश अपात्रों द्वारा एलोपैथी पद्धति की औषधियों का उपयोग किया जा रहा है। बगैर चिकित्सकीय ज्ञान के अनुचित उपचार रोगियों के लिए प्राणघातक सिद्ध हो सकता है। ऐसे कई प्रकरण उजागर भी हुए हैं जिनमे झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा गलत औषधियों के उपयोग करने से रोगियों की मृत्यु भी हुई है। आदेश में उल्लेखित है कि मानव अधिकार आयोग द्वारा भी समय समय पर झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। उक्त आदेश के बाद क्या जिले का स्वास्थ्य विभाग नलखेड़ा एवं तहसील क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में उपचार कर रहे झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्यवाही करेगा या मरीज फिर से गलत उपचार का खामियाजा भुगतते रहेंगे।

**बगैर चिकित्सकीय ज्ञान के अनुचित उपचार रोगियों के लिए प्राणघातक**

उल्लेखनीय है कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में उपचार कर रहे झोलाछापों में से अधिकांश बगैर किसी सक्षम लायसेंस के दवाइयां भी या तो अपने क्लिनिक से ही विक्रय कर रहे है या अपने बैग में रखकर विक्रय कर रहे है जोकि गैर कानूनी श्रेणी में आता है।

**होगी कार्रवाई**

नोट शीट चलाकर जिले में मौजूद ऐसे डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
**राजेश गुप्ता,** जिला स्वास्थ्य अधिकारी आगर मालवा

## राजस्व अभिलेखों की त्रुटियों को दुरुस्त करने 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान-2 चलेगा

### राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

राजस्व महाअभियान प्रथम चरण (जनवरी- मार्च 2024) की सफलता को देखते हुए राज्य शासन द्वारा राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने के लिए राजस्व महाअभियान-2, 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान योजना सभी पात्र किसानों को लाभ देना, समग्र का आधार ई-केवाईसी और खसरे की समग्र/आधार से लिंकिंग एवं फार्मर रजिस्ट्री का क्रियान्वन है। डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण 01 अगस्त से 15 सितम्बर तक होगा।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा राज्य शासन की मंशानुसार जिले में राजस्व महाअभियान-2 के सफल संचालन को लेकर सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देश जारी किए गए है। कलेक्टर ने कहा है कि जिले में राजस्व महाअभियान-2 में कृषकों की राजस्व संबंधी समस्या का त्वरित निराकरण किया जाए, राजस्व अभिलेखों की त्रुटियों को दुरुस्त करें, पीएम किसान योजना में शत-प्रतिशत सैचूरेशन लाएं, समग्र का आधार ई-केवाईसी और खसरे की समग्र/आधार से लिंकिंग का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने बताया कि अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व अधिकारियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## पर्यावरण ही हमारी जीवन रेखा है : जिला न्यायाधीश

### न्यायालय परिसर में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पर्यावरण ही हमारी जीवन रेखा है, जिसे बचाये रखने के लिए पौधारोपण करना अत्यावश्यक है। सभी नागरिकों को पौधारोपण का संकल्प लेना चाहिए तथा पौधे लगाकर उसकी सुरक्षा भी करना चाहिए। उक्त बात प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्रसिंह कुशवाह के द्वारा जिला न्यायालय परिसर में आयोजित पौधारोपण के दौरान कही गई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में ही तहसील न्यायालय परिसर नलखेड़ा में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मोहित माधव एवं न्यायालय के



कर्मचारीगण के द्वारा छायादार एवं फलदार वृक्षों का पौधारोपण का कार्य किया गया। साथ रोपित पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया गया। वृक्षारोपण से होने वाले लाभ के संबंध में बताते हुए न्यायाधीश मोहित माधव द्वारा कहा गया कि विगत कई वर्षों से वृक्षों की संख्या में कटौती होने से पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ा है, जिसका उदाहरण बदलता तापमान है। इसलिए सभी आमजन को भी जिम्मेदार नागरिक होने के नाते वृक्षारोपण का संकल्प लेना चाहिए।

# सुबह हुई झमाझम, दिन में गर्मी और उमस से हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मंगलवार को अलसुबह लगभग दो घंटे झमाझम वर्षा हुई, उसके बाद दिनभर गर्मी व उमस से नागरिक परेशान होते रहे। सोमवार को हुई झमाझम वर्षा के बाद नगर सहित आसपास के ग्रामों में मंगलवार प्रातः लगभग 7 बजे से दो घंटे तक फिर तेज वर्षा हुई। इस वर्षा से जहाँ नगर की सड़कों से पानी बह निकला वही आसपास के ग्रामों के नालों का जल स्तर बढ़ गया। मंगलवार को वर्षा थमने के बाद गर्मी व उमस के कारण आमजन दिनभर परेशान होते रहे।

जानकारी के अनुसार तहसील में मंगलवार प्रातः 8 बजे समाप्त हुवे 24 घंटे में 17 मिमी वर्षा दर्ज की गई जिसे मिलाकर मंगलवार प्रातः 8 बजे तक इस वर्ष कुल 158 मिमी (6.22 इंच) वर्षा दर्ज की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष इसी समयावधि में 320 मिमी (12.59 इंच) वर्षा हो चुकी थी। गत वर्ष की



तुलना में इस वर्ष तहसील में अभी तक आधी ही वर्षा हुई है।

### जिले में 227 एमएम औसत बारिश दर्ज की गई

आगर-मालवा जिले में इस वर्ष अब तक कुल 227 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें सर्वाधिक वर्षा तहसील आगर में 358.7 एमएम तथा सबसे कम तहसील सुसनेर में 130.4 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। शेष दो तहसील बड़ौद एवं नलखेड़ा में क्रमशः 261 व 158 एमएम वर्षा हुई है। गत वर्ष इस अवधि में 276.8 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 899.9 एमएम है। जिले में मंगलवार की सुबह 8 बजे तक बीते चौबीस घंटे में 21.4 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें तहसील आगर में 37 एमएम, बड़ौद में 8 एमएम, सुसनेर में 23.4 एमएम तथा नलखेड़ा में 17 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।

## रोजगार मेले का आयोजन 24 जुलाई तक 16 को इछावर जनपद परिसर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के सभी जनपदों में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सिक्युरिटी एण्ड इन्टेलिजन्स सर्विसेज अनूपपुर द्वारा सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षा अधिकारी के 350 पदों पर भर्ती की जायेगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इछावर जनपद पंचायत परिसर में 16 जुलाई को, आष्टा जनपद पंचायत परिसर में 17 एवं 18 जुलाई को, सीहोर जनपद पंचायत परिसर में 21 एवं 22 जुलाई को, बुधनी जनपद पंचायत परिसर में 23 एवं 24 जुलाई को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी कि रोजगार मेले में वह आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता 10 वी पास/फेल से स्नातक तक, आयु 19 वर्ष से 36 वर्ष तक, उचाई 167.5 से.मी. से 170 से.मी. तक, सीना 77 से 82 से.मी. एवं वजन 56 से 90 किलो ग्राम हो वह इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को योग्यता अनुसार रूपये 14000 से 35000 तक वेतनमान दिया जावेगा। नियुक्ति होने पर आवेदक को स्थायी नौकरी, वार्षिक वेतन वृद्धि, पदोन्निति, बोनस, पेंशन, ग्रेच्युटी, प्रोविडेंट फंड, ई.एस.आई.सी. दुर्घटना बीमा, सेवा प्रावधान, लोन सुविधा, मैस व आवास सुविधाएँ प्रदान की जायेगी। भर्ती के समय आवेदक शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड छाया प्रति एवं दो फोटो के साथ अपना आवेदन जमा कर सकता है।

### वन विभाग की टीम मामले की जांच में जुटी

# जिस क्षेत्र में बना रहा टाइगर रिजर्व, उसी क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से बाघ की मौत, दो शावक हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश के सीहोर जिले से खबर आई है। यहां एक तरफ सरकार ने हाल ही में रातापानी वाइल्ड लाइफ संेचुरी को नया टाइगर रिजर्व बनाने की बात कही है, तो वहीं दूसरी ओर उसी इलाके में एक टाइगर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई, वहीं दो छोटे शवक घायल हो गए। उपचार के लिए भोपाल से वन विभाग ने एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम को बुलाया है। जानकारी के अनुसार जिले के बुधनी इलाके में ट्रेन की चपेट में आने से एक बाघ की मौत हो गई। वहीं दो छोटे शावक घायल हैं। यह घटना मिडघाट की पहाड़ी के



पास स्थित नाले की है। जहां सोमवार को टाइगर का शव पड़ा मिला था। घटना की सूचना पर वन विभाग मामले की जांच कर रहा है। हालांकि यह हादसा किस ट्रेन से हुआ है, यह अभी तक साफ नहीं हो पाया है। वन विभाग की टीम इस पूरे मामले की जांच में जुटी है। डीएफओ एमएस डाबर ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से एक बाघ की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि दो छोटे शावक घायल हैं।

**वन विभाग में मचा हड़कंप :** बाघ की मौत की सूचना मिलते ही वन विभाग में हडक़ंप मच गया। विभाग की टीम, डॉक्टर, रेस्क्यू और रेंजर आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। टीम ने बाघ का शव लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया, जबकि, डॉक्टरों ने घायल टाइगरों का इलाज शुरू कर दिया। यह क्षेत्र रातापानी वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में आता है। यहां के जंगली जानवर लगातार रेल हादसों का शिकार बन रहे हैं।

**रातापानी में 3000 से ज्यादा वन प्राणी :** प्रदेश का आठवां टाइगर रिजर्व रातापानी होगा। मोहन सरकार ने रातापानी वाइल्ड लाइफ सेंचुरी को टाइगर रिजर्व बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जिसको लेकर जल्द ही नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। बता दें कि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने रातापानी को टाइगर रिजर्व बनाने के लिए 13 साल पहले यानी साल 2011 में ही सैद्धांतिक सहमति दे दी थी। बाघ, तेंदुआ समेत 3000 से ज्यादा वन प्राणियों वाला रातापानी वाइल्डलाइफ संेचुरी टाइगर रिजर्व बनाने जा रहा है।

## जिले में अब तक 264.2 एमएम औसत बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह आठ बजे तक 34.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 82, मिलीमीटर, श्यामपुर में 3, आष्टा में 28, जावर में 35, इछावर में 63, भैरूंदा में 28, बुधनी में 6, रेहटी में 32 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में एक जून से 13 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 264.2 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 371.4 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त




जानकारी के अनुसार एक जून से 15 जुलाई 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 354.3, मिलीमीटर, श्यामपुर में 322.5, आष्टा में 234, जावर में 201.7, इछावर में 491.5, भैरूंदा में 174.2, बुधनी में 139 तथा रेहटी में 196.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### अनुबंध पत्र का पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हुआ

**सीहोर।** अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध (सौदा-चिट्ठी) का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। केवल स्टाम्प पर लिखे गये नोटराईज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है।

खबर संक्षेप

## घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर कार्रवाई



देवास। जिले में घरेलू उपयोग के गैस सिलेण्डरों के दुरूपयोग, भंडारण एवं परिवहन की खाद्य और राजस्व विभाग द्वारा नियमित रूप से जांच की जा रही है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी देवास एवं सोनकच्छ के संयुक्त जांच दल द्वारा प्रोविडेंस पब्लिक स्कूल के पीछे ग्राम बरोठा स्थित राजेश गुप्ता के मकान एवं दुकान परिसर में 14.2 के.जी. क्षमता के 07 घरेलू गैस सिलेण्डर, शेखर प्रजापति निवासी बालगढ़ रोड देवास स्थित मकान परिसर से 14.2 के.जी. क्षमता के 10 नग घरेलू गैस सिलेण्डर तथा अनुभाग सोनकच्छ में वाहन टाटा मैजिक से बगैर दस्तावेज के अवैध परिवहन एवं वितरण पाये जाने पर गजराज मालवीय निवासी ग्राम कजलास तहसील जावर जिला सीहोर से 64 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं टाटा मैजिक वाहन जब्त किया गया। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि सभी के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस के प्रावधानों का उल्लंघन किये जाने के कारण प्रकरण पंजीबद्ध कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किये गये हैं।

### महिला स्वसहायता समूह महासंघ ने कलेक्ट्रेट में धरना देकर दिया ज्ञापन

# मांग: आंगनबाड़ी में सहायिकाओं के माध्यम से भोजन बनाने के आदेश को लिया जाए वापस

### महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों ने दी चेतावनी, मांगों पर सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिया तो करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रांतीय महिला स्वसहायता समूह महासंघ की और से मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन सौंपा गया है। महिला एवं बाल विकास मध्य प्रदेश द्वारा आदेश जारी किया है कि आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिकाओं के माध्यम से भोजन नाश्ता तैयार किया जाएगा। इस आदेश से महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बेरोजगारों किए जाने का प्रयास है। जिसका महिला स्वयं सहायता समूह विरोध करती हैं।महासंघ जिलाध्यक्ष ज्योति अर्जुन बैरागी ने बताया कि प्रांतीय महिला समिति समूह की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देकर इस आदेश को वापस लेने की मांग सरकार से की है। ज्ञापन में बताया कि प्रदेश सरकार की मंशानुसार महिला बाल विकास द्वारा एक आदेश जारी किया गया है। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रों पर सा सहायता समूह के माध्यम से दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिका के माध्यम से दिया जायेगा। महिला बाल विकास विभाग के इस फैसले के बाद महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों में आक्रोश है। उनका कहना है कि इस आदेश के कारण प्रदेश की 11 लाख महिलाएं बेरोजगार हो जाएंगी। हजारों सहायता समूह पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ेगा। वहीं देवास जिले की सहायता समूह के माध्यम से जुड़ी हुई हजारों महिलाएं बेरोजगार हो जाएगी। महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों का कहना है कि शासन अपने इस निर्णय को वापस ले और पूर्व की तरह ही महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से मध्यान भोजन की व्यवस्था संचालित की जाए। महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है तो आगे वह आंदोलन करेंगे, जल सत्याग्रह और चक्का जाम करेंगे। कार्यकर्ता और सुपरवाइजर मिलकर उक्त व्यवस्था में भारी भ्रष्टाचार की भी संभावना है। अगर आदेश वापस नहीं लिया जाता तो समस्त स्वयं सहायता समूह संचालक 16 जुलाई से आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूलों में भोजन नहीं बनाएंगे। इस दौरान जिला प्रभारी भगवंता राठौर, जिला उपाध्यक्ष हेमलता चौहान, रजनी बागवान, अरूणा कन्नौद, गंगा, मीडिया प्रभारी अशोक नायक सहित महिला रसोइया व समूह संचालक उपस्थित थी।

# ताजिए विसर्जन के लिए तालाब में बनाया कुंड

### कालूखेड़ी तालाब के पास किया निर्माण



देवास। कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मोहर्रम पर्व पर कालूखेड़ी तालाब में ताजिए विसर्जन किए जाएगे। ताजिए विसर्जन के लिए कालूखेडी तालाब के पास अलग से एक तालाब बनाया गया है। इस संबंध में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कालूखेडी तालाब का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखे की अलग से बनाए गए तालाब का पानी कालूखेडी तालाब में नहीं मिले। कालूखेडी तालाब पर पर्याप्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं, जिससे व्यवस्था सूचारू रूप से बनी रहे। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त रजनीश कसेरा,निगम कार्यपालन यंत्री इंदु प्रभा भारती, निगम स्वास्थ्य अधिकारी जितेंद्र सिसोदिया, सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी उपस्थित थे। मोहर्रम पर्व पर देवास में विभिन्न स्थानों से निकलने वाले जुलूस के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर गुप्ता ने कार्यपालिक दण्डाधिरियों की ड्यूटी लगाकर संपूर्ण कानून व्यवस्था के लिए एसडीएम देवास बिहारी सिंह को प्रभारी बनाया है। गुप्ता ने अपने-अपने अनुभाग क्षेत्र में अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को माहर्रम पर्व पर कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिए समूचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं।

# ग्रामीण अंचलों में हुई जोरदार बारिश से पहली बार नदी नाले उफान पर, मलबे से मार्ग हो गए बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



पग्रामीण अंचल में हुई तेज बारिश से पहली बार नदी नाले आए उफान पर बागली। इस वर्ष बारिश की धीमी गति से शुरुआत हुई है ,लेकिन सोमवार मंगलवार रात्रि दरमियां ग्रामीण अंचल में हुई तेज बारिश के चलते सीजन में पहली बार नदी नाले उफान पर आए गए।बागली क्षेत्र की सबसे बड़ी काली सिंध नदी मंगलवार की सुबह उफान पर थी। घाट नीचे सीतावन क्षेत्र में भी सभी नदी नाले उफान पर रहे। इस दौरान पिपरी के समीप से नदी उफान पर थी। पानी में कई लकड़ियां समेत मलबा बहकर आया जो की पुल पर फंस जाने के कारण मार्ग पर आवागमन बंद रहा ,नदी का पानी पुल से नीचे होने के बाद ग्रामीणों की मदद से पुल पर से लकड़ियां हटाने के बाद आवागमन शुरू हुआ। इस दौरान उदयनगर थाना प्रभारी बी डी वीरा भी मौके पर पहुंचे। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से पिपरी धाराजी मार्ग पर आवागमन शुरू हुआ। जानकारी अनुसार मंगलवार की सुबह कालीसिंध नदी उफान पर होने के दौरान ग्राम अमरपुरा के समीप एक बाइक पानी के तेज बहाव में बह गई। बताया जा रहा है कि माकडिया निवासी एक युवक नदी के पुल पर पानी होने के बावजूद बाइक से नदी पार करने का प्रयास कर रहा था, तेज बहाव के कारण संतुलन बिगड़ा और पानी में गिर गया। इस दौरान बाइक पानी के बहाव में बह गई लेकिन स्थानीय लोगों की मदद से युवक को बचा लिया गया।

# कालिसिंध नदी पुल पर 6 घंटे तक लगा रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा



इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर मोखाप्पिल्या कि कालीसिंध नदी के पुल पर मंगलवार की सुबह एक ट्रक खराब हो जाने पर आवागमन प्रभावित हो गया, जिसके कारण पुल पर जाम बार-बार लगता रहा। जानकारी अनुसार सुबह 5:30 के लगभग चापडा कि ओर से एक ट्रक नेमावर कि ओर जा रहा था, ट्रक जेसे ही पुल पर पहुचा उसी दौरान सामने एक यात्री बस तेज गति में आ गई, उसे बचाने के प्रयास में ट्रक चालक ने ब्रेक लगाए, जिस कारण ट्रक की शाफ्ट के गियर टूट गए, ओर ट्रक पुल पर ही बंद हो गया। जिसके कारण वन वे तर्ज पर पुल पर से वाहन निकल रहे थे और जाम की स्थिति निर्मित हुई। लगभग 6 घंटे तक पुल पर जाम लगता रहा, जिसके कारण वाहन चालकों एवं यात्रियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। व्यक्ति हुआ ट्रक के सामने खड़ा जाम लगने के दौरान एक व्यक्ति का ड्रामा भी देखने को मिला, एक व्यक्ति अपनी निजी गाड़ी से कन्नौद से इंदौर जा रहा था,पुल पर जाम होने के कारण चापडा तरफ के वाहन निकल रहे थे, उसी दौरान उक्त गाड़ी में से एक व्यक्ति आया और अपनी गाड़ी निकलने के लिए एक ट्रक के सामने खड़ा हो गया और उपस्थित लोगों से बहसबाजी भी की।

डायल हंड्रेड चापड़ा पायलट संजय उपाध्याय, आरक्षक भुपेश बर्मन मौके पर पहुंचे और यातायात व्यवस्था संभाली, ओर ट्रक चालक से कह कर मेकेनिक बुलवाकर ट्रक को सुधरवाया ओर फिर 12 बजे के लगभग ट्रक पुल से हटाया गया। जिसके बाद यातायात सुचारू रूप से चालू हुआ। हालांकि इस दौरान बाइक चालक जल्दबाजी में जान ज में डालकर निकलते दिखाई दिए, क्योंकि बारिश होने के दौरान नदी भी उफान पर थी,ऐसे में यदि संतुलन बिगड़ जाए तो नदी में गिरने का भी भय रहता है।

# सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान में माता टेकरी पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अन्तर्गत नागरिकों को सफाई के प्रति जागरूक किए जाने हेतु साईं नाथ मेमोरियल हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र, छात्राओं द्वारा स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर महेश सोनी के साथ श्रमदान किया। निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत शहर व पर्यटन स्थल की सफाई को बढ़ावा देने हेतु माताजी टेकरी मुख्य मार्ग पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमे साईं नाथ मेमोरियल स्कूल के छात्र छात्राओं, नारायण विद्या मंदिर क्रमांक 1 की एनसीसी कैडेट की टीम द्वारा नगर निगम स्वच्छता टीम के साथ मिलकर उत्साहपूर्वक सफाई अभियान में भाग लेकर शहरवासियों को अपने शहर एवं पर्यटन स्थल को व्यक्तिगत रूप से जुड़कर अपने शहर को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया। श्रमदान के पश्चात सभी अध्यापकगण द्वारा छात्र, छात्राओं के साथ मिलकर एक पौधा मां के नाम के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी भूषण पवार, ओम प्रकाश पथरोड व अरुण तोमर, समाज सेवी शकील कादरी भी उपस्थित रहे। आयोजन के बाद स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर सोनी के द्वारा सभी उपस्थित युवाओ एवं छात्र छात्राओं को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

# धर्म और अध्यात्म के महाकुंभ की तैयारी पूर्ण नगर में आज से प्रारम्भ होगा चार्तुमास व्रत का अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



धार्मिक मान्यता है कि पृथ्वी लोक के पालन का भार गुरु वर्ग को सौंपकर भगवान विष्णु शयन करने पाताल लोक में चले जाते हैं। भक्ति जीवन का आधार है। भक्ति और आस्था के बिना जीवन अपूर्ण है। भगवान का भजन न केवल ईश्वर के प्रति मानव का आभार है, बल्कि इसमें आनंद भी अपार है। भक्ति शुभ कर्म के चार महीने को सनातन धर्म में चातुर्मास कहा गया है। इन चार महीनों में व्रत उपवास ध्यान भक्ति साधना से परमात्मा को प्राप्त करना ही हिन्दू सनातन धर्म का उद्देश्य है। इसी भावना को लेकर चार्तुमास व्रत अनुष्ठान करने का संकल्प राजपरिवार देवास ने लिया है। विधायक गायत्री राजे पवार व विक्रम सिंह पवार द्वारा रविशंकर महाराज (रावतपुरा सरकार) के सानिध्य में चार्तुमास व्रत अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। संत शिरोमणि आज सायं 4 बजे आनंद भुवन पैलेस पधारेंगे। जिनकी भव्य अगवानी की जाएगी। भव्य सुसज्जित पंडाल में जहां एक और विद्वान पंडितों द्वारा प्रातः समय में हवन, पूजन पाठ का काम चलेगा। वहीं दूसरी और दोपहर 1 से 5 बजे तक भव्य कथाओं का आयोजन होगा। मुख्य मार्ग से लेकर कथा पंडाल तक आकर्षक साज सज्जा की गई है देवास शहर के लिये यह एक अनूठा अलौकिक धार्मिक आयोजन रहेगा। जो 17 जुलाई से 17 सितम्बर तक यथावत चलेगा। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यकमों के साथ ही भजन संध्या एवं अन्य धार्मिक कार्यकम सम्पन्न होंगे। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण विधायक राजे, विक्रम पवार, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के साथ ही कई अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सभापति रवि जैन, भरत चौधरी, सचिन जोशी, विशाल रघुवंशी, अजय पंडित, गणेश पटेल, धर्मेंद्र सिंह बैस, संतोष पंचोली, मिलिन्द सोलंकी, नवीन सोलंकी, राहुल दायमा, शुभम चौहान तथा रावतपुरा सरकार भक्त मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

### भारत सरकार के दल ने एनक्यूएएस का नेशनल असेसमेंट किया

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर राघौगढ़ और रींची का किया आकलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




भारत सरकार के दल द्वारा विगत दिवस विकासखण्ड देवास में उप स्वास्थ्य केन्द्र सह आयुष्मान आरोग्य मंदिर राधोगढ़ एवं विकासखण्ड खातेगांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर रींची का एनक्यूएएस का नेशनल असेसमेंट किया गया। दल में हेड एनआईपीआई राजस्थान प्रदीप चौधरी और सीईओ सैम सिडस सलाहकार प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली डॉ. अवधेश मेहता शामिल थे।भारत सरकार के दल ने एनक्यूएएस चेकलिस्ट के बिंदू पर जिसमें स्वास्थ्य संस्था में मरीजों को जो सेवाएं दी जा रही हैं सुविधाएं, गर्भावस्था और प्रसव देखभाल, बचपन और किशोर स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ, परिवार नियोजन, गर्भ निरोधक सेवाएँ और अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ, सामान्य संचारी रोगों का प्रबंधन और तीव्र साधारण बीमारी, छोटी बीमारियों के लिए बाह्यरोगी देखभाल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों सहित संचारी रोगों का प्रबंधन (गैर-सरकारी), नवजात और शिशु स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ, गैर-संचारी रोगों की जाँच, रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन, संस्था की साफ-सफाई, सीएचओ, एएनएम, आशा का इंटरव्यू, दस्तावेज, लाइसेंस, प्रमाण-पत्र सत्यापन, मरीजों के रिकॉर्ड का रखरखाव, पोर्टल जांच आदि बिंदओं पर नेशनल असेसमेंट किया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक कामाक्षी दुबे ने जिले की स्वास्थ्य अधोसंरचना एवं सामान्य जानकारी के साथ ही समय-समय पर राज्य शासन की टीम द्वारा प्रदाय दिशा-निर्देशों के अनुसार एवं भारत शासन की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के अनुरूप एनक्यूएएस (राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक) अंतर्गत बिन्दुवार चेकलिस्ट अनुसार किए गए कार्यो की जानकारी दी। दुबे ने बताया कि भारत सरकार से एनक्यूएएस कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय देवास को पूर्व में प्रथम गुणवत्ता प्रमाणन मिला चुका है। जिले कि स्वास्थ्य संस्थाओं के नेशनल असेसमेंट की तैयारियों के लिए राज्य स्तर की टीम द्वारा समय-समय पर मार्गदर्शन मिलता रहता है। जिला स्तर की टीम भी एनक्यूएएस चेकलिस्ट के बिंदुओं पर नियमित कार्य करती है। जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग मिलता है। एनक्यूएएस का नेशनल असेसमेंट पूर्ण होने पर क्लोजिंग बैठक आयोजित की गई। जिसमें भारत सरकार के दल द्वारा पूर्ण हुए असेसमेंट के संबंध में प्रदीप चौधरी ने कहा कि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से एनक्यूएएस के मापदण्ड अनुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर राधोगढ और रीची इन दोनों में जो कार्य हुआ सराहनीय है, संस्थाओं में गुणवत्तापूर्ण कार्य हुआ है। स्टॉफ ने बहुत मेहनत की और बहुत अच्छा रिकार्ड रखा गया। टीम वर्क से कार्य किया, जो कि टीम जिले और विकासखण्ड के टीम लीडर का कार्य होता है।

डॉ. अवधेश मेहता ने भी सभी के द्वारा रिकॉर्ड मैनटेन और क्वॉलिटी वर्क की तारिफ की। उन्होंने कहा कि नेशनल असेसमेंट में आना ही बहुत बडी बात होती, जो राज्य और देवास जिले की टीम ने कर दिखाया। एनक्यूएएस का नेशनल असेसमेंट होना भविष्य में सकारात्मक कार्य पहल जो अन्य संस्थाओं में भी होगा। नेशनल असेसमेंट के दौरान जिला स्तर से डीपीएम कामाक्षी दुबे, डीक्यूएम डॉ. स्नेहल वर्मा, बरोठा बीएमओ डॉ. मेघा पटेल, विकासखण्ड खातेगांव बीएमओ डॉ. चम्पा बघेल सहित विकासखण्ड की टीम के साथ संस्था राघौगढ़ की सीएमएचओ मीना परवीन, एएनएम रेखा मालवीय और संस्था रींची के सीएमएचओ प्रकाश लोवंशी, एएनएम नीता मालवीय सहित आशा कार्यकर्ता उपस्थित थी।

# शिशु मंदिर परिसर में किया गया पौधरोपण




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

विद्या भारती मालवा नर्मदा ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला हाटपिपल्या द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर चापड़ा में मंगलवार को नर्मदा ग्राम भारती शिक्षा समिति अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा,संघ जिला कार्यवाह धर्मेंद्र सेन्धव,खंड कार्यवाह पवन पाटीदार, संयोजक मंडल के सदस्य राजेश पाटीदार तथा अभिभावक शिवलाल यादव की उपस्थिति में मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस दौरान अतिथियों व्दारा बच्चों को पर्यावरण के बारे में जानकारी दी गई। परिसर में पौधरोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। छात्रा दिव्या एवं प्राची के द्वारा तिलक लगाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय आचार्य शुभम कलेशरिया , पूजा प्रजापत, संध्या सांवलिया,राहेमिन मंसूरी,महिमा राजावत आदि उपस्थित रही। अतिथियों का आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय सांवलिया में किया।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों ने विधायक का माना आभार



**जावर।** आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास कर समस्याओं का निराकरण करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी बीच ग्राम बमुलिया रायमल के ग्रामीणों ने विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर का आभार माना। जावर से कजलास, बिसूखेडी मार्ग स्वीकृत होने पर ग्रामीण दिनेश शर्मा आदि ग्रामीणौ ने विधायक का आभार माना। जल्द ही अगर सडक का निर्माण होता है तो ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा।

### पर्यावरण बचाने पौधे लगाने की अपील

**जावर।** शिक्षक गोपाल सिह ठाकुर पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी से 5 पौधे लगाने की अपील कर रहे है अभी तक पूरे म प्र में310 लोगो को स्वइच्छा से 5 पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया है ऐसे ही अपने ग्रह ग़ांव बमुलिया रायमल में भी सार्वजनिक स्थानो पर सभी ग्राम वासियों से एक पौधा लगाने की अपील कर रहे हैं।

### विधिक जागरूकता शिविर हुआ आयोजित


**सीहोर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण निर्देशानुसार प्रधान न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एमके वर्मा द्वारा जिला जेल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमके वर्मा ने बंदियों से उनके प्रकरणों की जानकारी ली तथा उनकी विधिक समस्याओं को सुना। साथ ही बंदियों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, प्ली बारगेनिंग आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के बाद जेल परिसर में पौधे लगाए।

### गेल इंडिया गेल का विरोध: किसानों से कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मंत्री ने किया संवाद

# किसान बोले, प्लांट लगने से हमारे क्षेत्र में प्रदूषण फैलेगा और वातावरण होगा दूषित

**कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि हम लोग यहां राजनीति करने नहीं आए हैं और आपका जो मुद्दा है वह भाजपा कांग्रेस का मुद्दा नहीं है। किसानों के हक की लडाई में हम साथ है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



क्षेत्र में प्रस्तावित गेल इंडिया लिमिटेड के पेट्रोकेमिकल एथेन क्रैकर प्लांट का विरोध कर रहे किसानों से मिलकर जनसंवाद करने के लिए मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ग्राम बागेर, बापचा, दोनिया, भवरी, अरनिया, दाऊद पहुंचे। जहां पर उन्होंने प्लांट का विरोध कर रहे किसानों के साथ जन संवाद किया। जिसमें किसानों की तरफ से मुख्य रूप से यह बात निकल कर आई कि हम कोई किसान ना तो अपनी जमीन देंगे और ना हमारे क्षेत्र में सरकारी जमीन पर एथेन क्रैकर प्लांट लगने देंगे। क्योंकि इस प्लांट के लगने से हमारे क्षेत्र में प्रदूषण फैलेगा और हमारे क्षेत्र का वातावरण दूषित हो जाएगा। साथ ही हमारी आने वाली पीढ़ियां अनेक प्रकार की बीमारियों का सामना करेगी। इसलिए हम या प्लाट हमारे क्षेत्र में किसी भी कीमत पर नहीं लगने देंगे। चाहे हमें जेल जाना पड़े या हमें अपनी जान ही क्यों ना देना पड़े। पर हम यह प्लांट नहीं लगने देंगे इसके साथ ही किसानों ने यह कहा कि यह प्लांट वास्तव में विकास के लिए है तो मुख्यमंत्री मोहन यादव इसे अपने क्षेत्र उज्जैन में लेजाकर लगवा ले। पर हमारे क्षेत्र में इस जहरीले प्लांट को नहीं लगने देंगे।

किसानों से चर्चा करते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि हम लोग यहां राजनीति करने नहीं आए हैं और आपका जो मुद्दा है वह भाजपा कांग्रेस का मुद्दा नहीं है। वह किसानों का मुद्दा है। क्योंकि हम मध्य प्रदेश में विपक्ष में है इसलिए हमारा नैतिक दायित्व बनता है कि हम किसानों की परेशानी में किसानों के साथ खड़े रहे और उनके अधिकारों के संघर्ष में किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करें। यही हमारा उद्देश्य है जीतू पटवारी ने कहा कि हम लोग यहां से जाकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री जी को पत्र के माध्यम से किसानों की मांग से अवगत कराएंगे और उनसे यह मांग करेंगे कि किसानों की बिना मर्जी के ना तो उनकी जमीन का अधिग्रहण किया जाए और जब आष्टा क्षेत्र के किसान गेल इंडिया के एथेन क्रैकर पेट्रोकेमिकल प्लांट को नहीं लगने देना चाहते तो उनकी मर्जी के विपरीत जाकर इस प्लांट को वहां पर ना लगाया जाए। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की तरफ से एक बात किसानों से स्पष्ट कही की आप लोग चिंता मत करो मुद्दा भाजपा कांग्रेस का नहीं है मुद्दा आपके अधिकारों का है।

इसलिए हम आपके संघर्ष में पूरी तरह से साथ है किसानों से चर्चा करते हुए पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने किसानों से कहा कि देखो भाइयों हम सब आपके आंदोलन में आप जिस तरह से चाहेंगे जहां चाहेंगे हमेशा खड़े रहेंगे और सरकार को चाहिए कि वह अपने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों और किसानों की एक टीम बनाकर ईमानदारी से क्षेत्र के किसानों से उनकी राय पूछ ले। यदि किसान इस क्षेत्र में निजी और सरकारी जमीन पर यह प्लांट नहीं लगने देना चाहते तो सरकार को किसानों की बात मानते हुए इस प्लांट को कहीं और लगाने के बारे में सोचना चाहिए। उसके बाद भी यदि सरकार यही प्लांट लगाने पर अड़ी रही तो हम सब किसानों के संघर्ष में पूरी ताकत से किसानों की लड़ाई पुरजोर तरीके से लड़ेंगे।



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व सांसद सज्जन वर्मा के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर, किसान नेता राहुल राज, पूर्व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कैलाश परमार, मेघा परमार, राजेंद्र मालवीय, राजेंद्र मालवीय, कमल सिंह चौहान, ब्लॉक कांग्रेस आस्था अध्यक्ष जितेंद्र शोभा खेड़ी, ग्रामीण अध्यक्ष महेश मोदी खेड़ी, शहर अध्यक्ष जाहिद गुड्डु, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, जावर ब्लॉक कांग्रेस अरविंद सिंह सेमली बारी, नरेन्द्र कुशवाह,घनशयम जांगड़ा, जगदीश चौहान,सन्नवर खान, लोकेंद्र बनवट,कृपाल मालवीय, एच आर परमाल, कमल सेठ, खालीद पठान, सुनिल कटारा, राजकुमार मालवीय, देवेंद्र ठाकुर जिला एनएसयूआई अध्यक्ष, आशीष गहलोत, बलवान पटेल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इछावर, मनीष मेवाडा सिहोर, गोलू हाजीपुर,फेजुद्दीन, तोसीफ, धीरज सिंह पहलवान,जितेन्द्र सिंह ठाकुर, शैलेंद्र सिंह ठाकुर बावड़ी, विजेन्द्र सिंह लाखुखेड़ी, हरि मेवाड़ा, चेतन भाटी, अशोक डाबरी, अखलेश बाबू राजपूत, देवराज परमार, विजय सोलंकी, दिलीप मालवीय, राहुल पाटारिय, विक्रम सिंह बोरवेल, अजय बपचा, हरेन नौगांव, दिग्विजय राजपूत, प्रेम पटरिया, मान सिंह आमला मज्जू, पहलाद बामनिय, जवाल अरनिया जोहरी,जय सिंह परदीखेडी, दिलिप मालवीय, रमेश मेवाड़ा,रामचरण दावरिया, मोतीसिंह मालवीय, बंशीलाल बांबे, कमल मेवाडा आदि कांग्रेस जन साथ रहे।

# आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

### समिति सदस्यों ने की चर्चा




**जावर।** शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने बैठक में हुई चर्चा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

स्थानीय थाना जावर में आगामी त्योहारों को लेकर तहसीलदार सुमन बाथम,थाना प्रभारी रामनारायण मालवीय की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी रामनारायण मालवीय ने कहा कि आपसी भाईचारे के साथ आगामी त्योहार सभी मिलजुलकर मनाए। यदि कहीं पुलिस की आवश्यकता पड़े तो किसी भी पुलिसकर्मी को तत्काल सूचना दें। इस अवसर पर ,सहित शांति समिति के सभी सदस्य एवं नवदुर्गा उत्सव समिति के सदस्य हिंदू उत्सव समिति के सदस्य पत्रकार बंधु एवं नगर रक्षा समिति, एवं मुस्लिम कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। त्योहार प्रतीकात्मक रूप से शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई।

# जावर स्वास्थ्य केंद्र में 148 मरीजों के नेत्र की हुई जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित माथुर के नेतृत्व में चिरायु अस्पताल भोपाल द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 148 मरीजों के नेत्र की जाँच नेत्र विभाग प्रमुख डॉक्टर रवि गोस्वामी द्वारा की गयी इनमें से 71 मरीजों को आपरेशन हेतु चिन्हित कर चिरायु अस्पताल भोपाल भेजा गया।

# महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने देखा सीधा प्रसारण



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री म.प्र. शासन डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला और वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर के प्रांगण में आयोजित 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का वर्चुअल उद्घाटन का सीघा प्रसारण महाविद्याल के छात्र, छात्राओं, शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ के सदस्यों को दिखाया गया। नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करने वाला मध्यप्रदेश पहला राज्य हैं। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा नई शिक्षा नीति के अनुसार प्रकाशित पुस्तक पर हस्ताक्षर किये गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के माध्यम से 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उपलब्ध सुविधाओं जैसे भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ, विद्यार्थी पुस्तक सहायता केन्द्र, विघावन नए कोर्स आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# दो माह के अंदर नगर पालिका कराएगी हर वार्ड में जगह-जगह तीन हजार से अधिक पौधों का रोपण

### नगर पालिका के तत्वावधान में सुंदरवन में किया पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नगर पालिका आगामी दो माह के अंदर हर वार्ड में तीन हजार से अधिक पौधों के रोपण का लक्ष्य लेकर एक पेड़ माँ के नाम अभियान का शुभारंभ शहर के सुंदरवन से किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पौधा का रोपण क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद आलोक शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, सीहोर विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कलेक्टर प्रवीण सिंह, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में पार्षद शामिल थे। इस मौके पर सासंद श्री शर्मा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल अभियान न रहकर अब पूरे देश में जनआंदोलन बन गया हैं। यह अभियान हमारी मां और धरती मां के प्रति हमारी श्रद्धा के भाव का प्रकटीकरण हैं। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि नगर पालिका ने इस वर्ष करीब एक लाख से अधिक पौधों के रोपण करने का लक्ष्य लिया गया है। परिषद के द्वारा किये जाने वाले पौधरोपण की सुरक्षा का उचित प्रबंध करने को भी कहा गया है। निश्चित अंतराल एवं आवश्यकतानुसार पानी देने की व्यवस्था के भी निर्देश हैं। पौधों की निगरानी एवं रख-रखाव में पालिका के अलावा गैर सरकारी संस्थाओं और आम नागरिकों से सहयोग लेने की अपेक्षा की गई है। पौधरोपण के दौरान नपा अधिकारी और पार्षदगण मौजूद थे।

# पोस्ट और चाट निर्माण प्रतियोगिता के विजेताओं को दिए प्रमाण-पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहीद भगत सिंह शासकीय महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत विश्व जनसंख्या दिवस पर पोस्ट व चार्ट निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में निकिता परमार, वर्षा सांवरिया, निशा, उत्कर्श आदि विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट निर्माण किया गया। कैनवाश पर विद्यार्थियों ने चित्र बनाते हुए जनसंख्या नियंत्रण का संदेश दिया। संस्था प्राचार्य ने सफल विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए कहा कि बढ़ रही जनसंख्या घातक सिद्ध हो सकती है। हमें बढ़ती हुई जनसंख्या नियंत्रण के सकारात्मक उपाय पर ध्यान देना होगा। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर दीपेश पाठक ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि के कारण मनुष्य अपने स्वार्थ के वशीभूत होकर पेड़ काटता है। इससे वह स्वयं और दूसरों के जीवन को खतरे में डाल रहा है। असंतुलित पर्यावरण को संतुलित बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं जाने अति आवश्यक हैं। कार्यक्रम की व्यवस्था व प्रबंध कार्यक्रम प्रभारी जयपाल विश्वकर्मा द्वारा की गई।

### कथा में राजा परीक्षित को कैसे परम गति प्राप्त हुई को लेकर हुए प्रवचन

# आनंद धाम पहुंची भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भगवान श्री जगन्नाथ जी के अपनी मौसी के यहा पधारने पर आनंद धाम पर संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया। सातवे दिवस पर कथा व्यास भागवत भूषण पंडित कन्हैया लाल शर्मा ने सत्संग की महिमा, हंस गीता, भगवान की विभूतियां वर्ण आश्रम का ज्ञान, ज्ञान योग, भक्ति योग, कर्म योग, यद्दुकुल कुल संहार भगवान का स्वधाम गमन, सुखदेव जी का अंतिम उपदेश, वेद वर्णन, राजा परीक्षित की परम गति आदि से विस्तार से बताया।

पंडित गजेंद्र शास्त्री धर्म अधिकारी ने बताया की विगत 19 वर्षों से रथ यात्रा आनंद धाम पर आती है भगवान यहां पर छुट्टी मनाने 7 दिन तक विश्राम करते हैं अपनी मौसी के घर आनंद धाम पर आज शाम 5:00 बजे भगवान अपनी मौसी के घर से जगदीश मंदिर बांसवाड़ा अलीपुर अपने निजी निवास पर पहुचे। इस अवसर पर कथा श्रवण करने रामेश्वर खंडेलवाल, अनिल श्रीवास्तव, निर्मल बैरागी, राजेश शर्मा, गणेश दुबे, नवीन शर्मा, नीलू दीक्षित, मनीष पालीवाल, मनोज सोनी काका, मरुती सोनी, विनोद सोनी, दुर्गेश पाठक, मधु पाठक, बडोदिया सर बाबू सिंह मेवाडा, आरके दीक्षित, मुकेश आर्य, निखिल कुशवाहा, शीला शर्मा मुकेश ताम्रकार बाबू बृजेंद्र शर्मा, उषा तिवारी, जीवन सिंह सोलंकी, हंसकुमार वर्मा, ज्ञान सिंह ठाकुर, दीक्षांत गोस्वामी, लंकेश, चंचु ताम्रकार, सुरेश पांचाल, दिलीप सांवरिया, कमलेश प्रीति ताम्रकार, शिव श्रीवादी, राधेश्याम नायक, बृजमोहन सोनी, क्षमा शर्मा, उमा चंद्रशेखर शर्मा महेंद्र राधा शर्मा,रमा गजेंद्र शर्मा, अंजलि अनुराग शर्मा, बृजमोहन रानी सोनी आदि सभी भक्तगण उपस्थित रहे। धर्माधिकारी गजेंद्र शर्मा ने बताया कि आज कई संस्थाओं ने स्वागत सम्मान किया। आनंद धाम पर 8 से 14 जुलाई तक दोपहर में 2 बजे से शाम 5 बजे तक पंडित भवानी शंकर शर्मा के निवास आनंद धाम आष्टा पर कथा का आयोजन किया गया।

# श्यामपुर में बनाया जाएगा बुद्ध बिहार तथागत बुद्ध की मूर्ति की होगी स्थापना

**सीहोर।** रविवार को ग्राम वनखेडा के अंबेडकर भवन में अहिरवार समाज संघ की जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिले के साथ ही संभाग और प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी भी शामिल रहे। मीडिया प्रभारी कपिल सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में समाज से जुडे कई विषयों पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्यामपुर बस स्टैण्ड क्षेत्र में बुद्ध बिहार बनाया जाएगा, जिसमें तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। बहुजन महापुरुषों की विचारधारा से जोडने आगामी दिनों में अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान से समाजजनों को जोडने के प्रयास किए जाएंगे। बैठक में अहिरवार समाज संघ प्रदेश अध्यक्ष राजेश अहिरवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष रविशंकर सूर्यवंशी, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संगीता गोलिया, संभाग अध्यक्ष माधव डूकसह अहिरवार, समाजसेवी विनोद



अहिरवार, भीमआर्मी पदाधिकारी सुनील अहिरवार, कमल परमाल, प्रभुदयाल बौद्ध, संभाग अध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार, सचिव दिनेश अहिरवार ने शामिल होकर बैठक को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश अहिरवार ने अपने संबोधन में कहा कि शहरों से लेकर गांव-गांव तक अहिरवार समाज निवास करती है लेकिन आज सबसे ज्यादा अत्याचार की खबरें भी अहिरवार समाज पर देखने और सुनने को मिल रही है ऐसा क्यो हो रहा है। इस पर विचार करने की जरूरत है। हमें एकजुट होकर रहना है। अन्याय का प्रतिकार करना जरूरी है। समाज में कई कुरितियां हैं जिन्हें मिटाने की आवश्यकता है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष करण सिंह अहिरवार ने की और मंच संचालन संभाग सचिव विनोद बडोदिया ने किया। बैठक में मौजूद संघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। सभी ने एक राय होकर कहा कि श्यामपुर बस स्टैण्ड क्षेत्र में बुद्ध बिहार बनाया जाएगा, जिसमें तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। जिसके लिए समाजजनों से सहयोग लिया जाएगा। बैठक में समाजसेवी मंशाराम अहिरवार, नर्बदाप्रसाद अहिरवार, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुकेश अहिरवार, ब्लाक अध्यक्ष जगदीश अहिरवार, संयोजक राधेश्याम अहिरवार, लक्ष्मीनारायण सांकला, देवीराम अहिरवा उपस्थित रहे।

## नरसिंहगढ़ में 470 मिमी तो राजगढ़ में सिर्फ 148 मिमी बारिश ही रिकार्ड

# अन्य ब्लॉकों की अपेक्षा राजगढ़ में अब तक सबसे कम बारिश हुई

### *गर्मी, उमस से परेशान हैं रहवासी, फसल उत्पादन पर भी पड़ेगा असर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जून माह के अंतिम सप्ताह में क्षेत्र में मानसून सक्रिय होना शुरू हुआ और 15 जुलाई तक जिले में कुल 336 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जा चुकी है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 308.2 मिमी बारिश रिकार्ड हुई थी इस लिहाज से पिछले साल की अपेक्षा इस साल अभी तक ज्यादा ही बारिश हो चुकी है।

लेकिन, अगर ब्लॉकवाईज आंकड़ों पर गौर करें तो सिर्फ राजगढ़ ब्लॉक ही अभी तक बारिश के लिए तरस रहा है। राजगढ़ ब्लॉक में बारिश तो हुई है लेकिन जिले के अन्य ब्लॉकों के मुकाबले खासी कम बारिश राजगढ़ में रिकार्ड हुई है। इस सीजन में अभी तक सर्वाधिक 470 मिलीमीटर वर्षा नरसिंहगढ़ में दर्ज हुई है लेकिन राजगढ़ में यह आंकड़ा 200 मिमी का आंकड़ा भी नहीं छू पाया है। यहां अभी तक सिर्फ 148 मिमी बारिश ही हुई है। नरसिंहगढ़ के साथ ही जीरापुर क्षेत्र में 428 मिमी, ब्यावरा में 429 मिमी, सारंगपुर में 341 मिमी, पचोर में 345 मिमी बारिष अब तक रिकार्ड की जा चुकी है। इस तरह ब्लॉकवाईज देखें तो राजगढ़ क्षेत्र अभी तक अच्छी बारिश के लिए तरस रहा है।



**विभिन्न ब्लॉक में अब तक रिकार्ड हुई बारिश**

| केंद्र का नाम | अब तक दर्ज बारिश |
|---|---|
| जीरापुर | 428.0 |
| खिलचीपुर | 188.1 |
| राजगढ़ | 148.8 |
| ब्यावरा | 429.5 |
| नरसिंहगढ़ | 470.5 |
| सारंगपुर | 341.2 |
| पचोर | 345.9 |

**कम बारिश के कारण उमस से परेशान आमजन**

अन्य ब्लॉकों की अपेक्षाकृत राजगढ़ में कम बारिश होने के कारण धूप और उमस से भी आमजन खासे परेशान हैं। क्षेत्र में बड़े भूभाग में पानी नहीं गिरने से जमीन की गर्माहट कम नहीं हुई है। जो थोड़ी-बहुत बारिश हुई है वो पानी जमीन के अंदर कुछ सेंटीमीटर भी नहीं पहुंच पाया है। यही कारण है कि कुछ दिनों बाद सावन मास लगने वाला है क्षेत्र अभी भी गर्मी और उमस से सरोबार है।

**उपज पर भी पड़ेगा कम बारिश का असर**

कम बारिश के चलते जहां लोग गर्मी, उमस से परेशान हैं वहीं इसका बुरा असर रबी सीजन की मक्का, सोयाबीन आदि फसलों के उत्पादन भी पडेगा। सोयाबीन की उपज को पनपने वैसे ही ज्यादा पानी की आवष्यकता होती है। लेकिन, उसके अनुकूल बारिश नहीं होने के चलते ब्लॉक में इसका उत्पादन घटने के कयास लगाए जा रहे हैं।

# पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा से मिलेगी गंभीर मरीजों को तुरंत उच्च चिकित्सकीय सेवा

### एंबुलेंस सेवा के लिए सीएमएचओ को देना होगी सूचना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा शुरू हो गई है। इस सेवा से जिले के गंभीर मरीजों एवं दुर्घटना पीड़ितों को तुरंत जिले अथवा राज्य से बाहर उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में उपचार के लिए एयर एंबुलेंस से ले जाया जा सकेगा। कलेक्टर हर्ष दीक्षित, सीएमएचओ और सेवा प्रदाता संस्था पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें एंबुलेंस सेवा को बुक करने की प्रक्रिया के संबंध में बताया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिया ने बताया कि आम नागरिकों को इस सेवा का लाभ लेने के लिए सबसे पहले सीएमएचओ को आपातकालीन स्थिति से अवगत कराना होगा। अधिकारी अपने उच्च अधिकारियों से तुरंत अनुमोदन प्राप्त करेंगे। इसके अलावा एयर एंबुलेंस कमांड सेंटर के फोन नंबर 9111777858 पर या राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग हेल्पलाइन नंबर 0755-4092530 पर भी संपर्क कर सकते हैं। एयर एंबुलेंस सेवा में एक हेलीकॉप्टार और एक हवाई जहाज मरीजों को प्रदेश के अंदर एवं प्रदेश के बाहर उच्च चिकित्सा केंद्र में ले जाने के लिए उपलब्ध रहता है। आयुष्यमान योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के लिए यह सेवा पूरी तरह से निःशुल्क रहेगी।

**मरीजों का चयन एवं पात्रता का निर्धारण**

*एयर एंबुलेंस सेवा का लाभ उन मरीजों को मिलेगा जिनका उपचार जिले में संभव नहीं हो, और उन्हें आपात स्थिति में तुरंत जिले अथवा राज्य से बाहर उच्च चिकित्सकीय संस्था पहुंचना हो। दो या दो से अधिक मरीजों में पहले ऐसे मरीजों को चयन किया जाएगा जो अधिक गंभीर हों और उन्हें तत्काल उपचार की आवश्यकता हो। आयुष्यमान कार्डधारी के लिए इस योजना का लाभ निःशुल्क रहेगा। वहीं सामान्य मरीजों के लिए राज्य के अंदर परिवहन निःशुल्क और राज्य के बाहर परिवन सशुल्क होगा।*

# खुलने लगी घटिया निर्माण की पोल, छत से गिरा प्लास्टर

### बीडीए द्वारा निर्मित नवीन कॉलेज भवन का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भवनों, कक्षों की कमी होने के चलते तत्कालीन प्रभारी मंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर पुराने कॉलेज के समीप ही करीब 6 करोड़ की लागत से नवीन भवन बनाया गया था। भोपाल डेवपमेंट ॲथोरिटी द्वारा करवाए गए निर्माण के दौरान लापरवाहियां बरती गई थीं।

यही कारण है कि पिछले दिनों इस नवीन भवन के एक कक्ष का प्लास्टर भर-भराकर जमीन पर आ गिरा। इसके साथ ही भवन के प्लास्टर में भी कई जगहों पर दरारें नजर आना शुरू हो चुकी हैं। भवन के निर्माण के समय एजेंसी द्वारा बालू रेत के स्थान पर काली रेत का उपयोग भी किया गया था जबकि शासकीय निर्माणों में काली रेत का उपयोग पूरी तरह बंद किया जा चुका है। लेकिन, उस समय भवन निर्माण के समय काफी मात्रा में काली रेत इस्तेमाल में लाई गई थी।





## नप ने 28 दुकानों में लगाए ताले

*सुठालिया। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा की जा रही लगातार वसूली की समीक्षा के परिप्रेक्ष्य में नगर परिषद के अमले द्वारा निकाय की वसूली और निकाय के स्वामित्व की दुकानों से अवैध अतिक्रमण कारियों को हटाकर 28 दुकानों में ताले लगाने की कार्यवाही की गई, ताकि निकाय की राजस्व वसूली हो सके। साथ ही जिन दुकानदारों द्वारा निर्धारित समय पर राशि जमा नहीं की गई है उनकी जमा राशि राजसात कर दुकान निरस्ती की कार्यवाही प्रगतिरत है।*

# एक समुदाय के दो पक्षों में चाकू से हमला, पुलिस ने किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर में मुस्लिम धर्म के दो पक्षों में किसी बात पर झगड़ा हो गया। पहले हुई कहासुनी झूमा झटकी को लेकर एक पक्ष थाने पहुंचा तो पुलिस ने समझा बुझाकर वापस कर दिया। लेकिन जैसे ही पुलिस के पास जाने वाला पक्ष अपने गंतव्य पर पहुंचा तो दूसरे पक्ष ने उन पर लाठी डंडे और चाकू से हमला कर दिया। पुलिस को जानकारी लगने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची स्थिति को काबू में करते। झगड़े में घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार कर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज का जांच में लिया है। वहीं मामले में फरियादी शादाब ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर के सीधाखाल वार्ड क्रमांक 7 में इमाम हुसैन की याद में लंगर करने पर जान से मारने की धमकी दी।

**इन पर मामला दर्ज**

फरियादी इमरान खान ने अपने साथी अरशद, शादाब और इरफान एवं के साथ थाने जाकर रिपोर्ट की जिस पर पुलिस द्वारा आरोपी शाबीर मिस्त्री, जाहिर खान, छोटा पिता शाकिर खान, शाकिर पिता गफूर खान, सलमान, यूसुफ मिस्त्री सीधाखाल के विरुद्ध पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

## ठगी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**विदिशा।** दीपनाखेड़ा पुलिस ने ठगी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 4 लाख 20 हजार की मशरूका जब्त किया गया। दीपनाखेड़ा के ग्राम ऊमरखेड़ी से दो महिलाओं अनारवाई पत्नी देशराज आदिवासी व गयाबाई पत्नी रमेश आदिवासी से कपड़ा बेचने वाली अज्ञात महिला ने लकवाग्रस्त पति व मानसिक विक्षिप्त बच्चे का देशी जडी बूटी से इलाज करने के नाम पर ठगी की थी। फरियादिया बताए स्थान पर पहुंचकर आरोपी गोविन्द गौंड निवासी वरायठा रोड शाहगढ जिला सागर को गिरफ्तार किया गया।

## अजाक थाना क्षेत्र में निकले 2 गोहरे, आरक्षक ने पकड़े



**राजगढ़।** बारिश के मौसम में सर्प, गोहरे सहित अन्य जहरीले जंतु अपने बिलों, पोखरों से बाहर निकलकर इंसानी बस्तियों में पहुंच रहे हैं। बीते एक पखवाड़े में शहर के विभिन्न शासकीय परिसरों व अन्य स्थानों पर सांपों की निकलने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। रविवार को खुजनेर रोड स्थित अजाक थाना परिसर के खुले क्षेत्र में दो जहरीले गोहरे नजर आए। अजाक थाने में ही पदस्थ विनय दीक्षित को जहरीले जंतुओं को पकड़ने में महारत हासिल है। उन्होंने इन गोहरों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाकर छोड़ दिया।

# पौधारोपण के दौरान डिप्टी रेंजर चक्कर खाकर गिरीं, भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

उदयगिरि में पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान एक महिला अधिकारी की तबीयत खराब हो गई, जिन्हें मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। बता दें कि पूरे प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है इसी को लेकर रविवार को उदयगिरी में स्थित जंगल रिजॉर्ट में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां न्यायाधीशों ने पौधरोपण किया। दोपहर में कार्यक्रम में शामिल होने के लिए डिप्टी रेंज ममता उपाध्याय उदयगिरि पहुंची और वह कार्यक्रम में शामिल हुईं तो अचानक से उनकी तबीयत खराब हो गई और वह चक्कर खाकर गिर गईं। तत्काल उन्हें एक न्यायाधीश की गाड़ी से विदिशा लेकर आए। जहां उन्हें मेडिकल कॉलेज मे इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। डिप्टी रेंजर किरण सूर्यवंशी ने बताया कि न्यायाधीशों का उदयगिरि में पौधरोपण कार्यक्रम था। कार्यक्रम के दौरान ममता उपाध्याय मैडम की तबीयत खराब हो गई और वह चक्कर खाकर गिर पड़ी। एक न्यायाधीश की गाड़ी से उन्हें मेडिकल कॉलेज में लेकर आए जहां उन्हें भर्ती किया गया है, उनका इलाज चल रहा है।



## गौ चिकित्सा केंद्र में फलदार और छायादार पौधे रोपे, सुरक्षा के लिए लगाए ट्री गार्ड



**ब्यावरा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गौ शरण मण्डल द्वारा दूसरे रविवार वैष्णोदेवी गौशाला गौ चिकित्सा केंद्र ब्यावरा में अनेक प्रकार के फलदार एवं छायादर पौधे लगाए गए। साथ ही ट्री गार्ड भी लगाया गया, ताकि पौधे सुरक्षित रहे, जिसमे आम, जामुन, विल्वपत्र, नीबू आदि सम्मिलित है। गौ शरण मण्डल के भागवताचार्य सतीश नागर ने बताया कि प्रत्येक रविवार क्षेत्र के ऐसे स्थान को चिन्हित कर पौधे लगाए जा रहे हैं, जहां पौधे सुरक्षित रहे और बड़े होकर जीवमात्र को छाया एवं फल दे सकें। इस अवसर पर पीताम्बरा आश्रम से नीलेश महाराज, संघ के बिहारीलाल चैधरी, पूर्व विधायक पुरषोत्तम दांगी, पूर्व नगर पालिक अध्यक्ष अखिलेश जोशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसवंत गुर्जर, विभाग प्रचारक धर्मेंद्र शर्मा, विहिप के डॉ अशोक अग्रवाल, अशोक गुप्ता, योगेश दांगी, भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, रामगोपाल मीना, हर्ष तोमर, समाजसेची जेएल मारोठिया, राजेन्द्र पाराशर, पत्रकारगण गजराजसिंह मीना, ब्रजेश त्रवेदी, रिंकू मीना, गिरिराज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मंदिर जीणोद्धार का 34वां स्थापना वर्षगांठ का दो दिवसीय आयोजन हुआ



**जीरापुर।** नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गरुड़ासीन भगवान श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के सामने विराजित किशनगढ़ बालाजी मंदिर पर 1991में मंदिर का जीर्णोद्धार करके बालाजी कि स्थापना वर्षगांठ मनाई गई थी। तदउपरांत प्रतिवर्ष 13 जुलाई को किशनगढ़ बालाजी की स्थापना वर्षगांठ महोत्सव आयोजित किया जाता है। इसी तारतम्य में 34 वां स्थापना वर्षगांठ महोत्सव वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धूमधाम से मनाया गया। श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़ का संचालन पं. श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य में विगत 60 वर्षों से भी अधिक समय से नगर में सुचारू रूप से अनुकरणीय पहल के रूप में धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्य करती आ रही है। ऐसे में किशनगढ़ बालाजी मंदिर ही नहीं अपितु नगर के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में हमेशा अपनी विशेष सहभागिता निभाते आ रही है। समिति द्वारा वैसे तो बारहमास सुंदरकांड पाठ सहित विभिन्न धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी रहता है, जिसमें विशेष कर सुंदरकांड समिति के नाम पर अपनी विशेष अमिट छाप समिति की बनी हुई है। उसी के साथ-साथ सावन मास में रामायण पारायण एवं शाही सुंदरकांड तथा 13 जुलाई बालाजी की स्थापना वर्षगांठ महोत्सव का आयोजन समिति द्वारा उत्साह उल्लास एवं धार्मिकता से ओतप्रोत होकर मनाया जाता है जो नगर में अपनी अनोखी पहचान के रूप में समिति को जाना जाता हैं। हनुमान जी की स्थापना वर्षगांठ महोत्सव के इस 34 वे आयोजन में 12 जुलाई को दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कि शुरुआत हुई जिसमें 12जुलाई को रामायण पारायण बिठाई गई तथा 13जुलाई को हवन यज्ञ क में विधि विधान से पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार द्वारा आहुतियां दी इस अवसर पर नगर सहित विश्व के कल्याण की कामना के साथ पूर्णाहुती का आयोजन हुआ।

## मुख्य नगर परिषद अधिकारी नामदेव का किया स्वागत



**माचलपुर।** मुख्य नगर परिषद अधिकारी मनोज कुमार नामदेव का अपनी अमरनाथ यात्रा सकुशल संपन्न कर वापस आने पर नगर परिषद माचलपुर में नगर के काग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमाला साफा पहनाकर और मिठाई खिला कर स्वागत किया। इस अवसर पर सीएमओ नामदेव ने अपनी यात्रा के दौरान हुवे स्मरण सभी को सुनाए इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बलवंत सिंह गुर्जर, दयाराम राठौर, उकरलाल वर्मा,दे वेंद्र सोनी, प्रकाश सोनी, भगवान काका सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**श्रावण सवारी की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक संपन्न**

# नगर भ्रमण पर राजसी ठाठ बाट के साथ 12 अगस्त को निकलेंगे महादेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरंगपुर

### नगर की धार्मिक सामाजिक कार्य में अग्रणी संस्था महादेव मित्र मंडल परंपरागत श्रवण शाही सवारी प्रतिवर्ष निकलता आ रहा है।

इस वर्ष भी अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए महादेव की भक्ति से ओतप्रोत पावन श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार 12 अगस्त को अपने भक्तो का हाल जानने के लिए शाही ठाट बाट के साथ नगर भ्रमण को निकलेंगे बाबा महादेव। इसकी संपूर्ण व्यवस्थाओं को लेकर रविवार शाम स्थानीय बटेश्वर महादेव मंदिर पर एक बैठक मंडल अध्यक्ष संजय विजयवर्गीय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें व्यापक तैयारीयो को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान नगर को भव्य दुल्हन की तरह सजाया जाएगा शाही सवारी मार्ग को स्वागत द्वार, बैनर, फ्लेक्स, लगियां वंदनवार एवं भगवा झंडिया लगाकर सुंदरतम धार्मिक रूप दिया जाएगा। इस दौरान मंडल कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह उमंग और कार्य करने का साहस देखा गया।




महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष संजय विजयवर्गीय ने नगर की समस्त धर्म प्राण भक्तो, एवं सामाजिक संगठन संस्थाओं से सफलतम सहयोग करने की अपील की है। सभा का संचालन सचिन जितेंद्र सोलंकी ने किया। यह जानकारी महादेव मित्र मंडल मिडिया प्रभारी वरिष्ठ अनिल सोनी ने दी। इस अवसर पर इस अवसर पर परामर्श समंदर सिंह बेस, एल एन त्रिकार संजय पचलानिया महेश पाटीदार वैभव पुष्पद अंकुर सोनी गौरव सोनी विजय सोनी, रमेश पुष्पद, मांगीलाल पाटीदार, सतीश राठौर, प्रकाश पुरी किरीट सोनी सतीश गिरजे नरेंद्र राठौड़, कमल राठौर गुंजन सोनी, कन्हैयालाल मेवाड़ा, रामेश्वर पुष्पद मनीष सोनी बद्रीलाल आदि मंडल पदाधिकारी कई सदस्य उपस्थित रहे।

**जुलूस में शामिल हुए समाजजन**

# दुलदुल बाबा का जुलूस अकीदत के साथ निकाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तलेन

नगर में मोहर्रम माह का चांद दिखने के साथ शहादत (बलिदान) का त्योहार शुरुआत हो जाता है। मोहर्रम माह की 7 तारीख को नगर में दुलदुल बाबा का अकीदत के साथ जुलूस निकाला जाता है। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाजजन शामिल हुए। रविवार रात्रि 10 बजे पठान मोहल्ला से शुरू हुआ दुलदुल बाबा के जुलूस मैं बैंड-बाजे,तासे,नौबत की मातमी धुनो के साथ या हुसैन या अली के नारो के बीच पठान मोहल्ला से जुलूस प्रारंभ हुआ] जो जामा मस्जिद रोड, गांधी चैक बाजार, इमली मोहल्ला, कुरैशी मोहल्ला होते हुए। पुनरू पठान मोहल्ला पहुंचा। इसके पूर्व मुस्लिम समाजजनों द्वारा जगह-जगह अगरबत्ती, लोबान, चादर, चिरौंजी पेश कर मन्नतें मांगी गई। जुलूस का समापन पठान मोहल्ला में तबरुंक बाट कर किया गया।